श्याम बड़ा दिलदार है | by Shipra Shree

जो भी मांगो मिलेगा तुमको ऐसा ये दरबार है
मेरा खाटू वाला श्याम बड़ा ही दिलदार है

सुनी है सबकी श्याम धणी ने जो भी आया दर पर
मेरे श्याम ने अपनी कृपा बरसाई उसके ऊपर
खुशियां देकर लौटाता है ऐसा ये दातार है
मेरा खाटू वाला श्याम बड़ा ही दिलदार है

हारे का कहलाता सहारा यार है ग़म के मारों का
दीन दयालु प्रति पालक ये मजबूरों लाचारों का
शीश का दानी वरदानी ये कलयुग का अवतार है
मेरा खाटू वाला श्याम बड़ा ही दिलदार है

किसी ने देके नहीं है देखा देखा भक्ति भंडारा
इसीलिए मशहूर जगत में कुंदन श्याम का है द्वारा
हारे का मेरा श्याम सहारा लीले का असवार है
मेरा खाटू वाला श्याम बड़ा ही दिलदार है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-shipra-shree/